**दिनांक—05.07.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार आठ जुलाई को विधानसभा में हासिल करेगी विश्वास मत, नौ जुलाई को मंत्रियों का हो सकता है शपथ ग्रहण समारोह।**
2. **डॉक्टर विद्युत रंजन सारंगी बने झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिलायी शपथ।**
3. **राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की घोषणा, झारखंड की अभ्रक खदानें 'बाल श्रम' से हुई मुक्त।**
4. **बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात के कारण, रांची, देवघर, धनबाद और कोडरमा समेत राज्य के 12 जिलों में कल भारी बारिश की चेतावनी।**

***************

झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के विश्वास प्रस्ताव पर मतदान के लिए राज्य विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह विधानसभा में विश्वास मत जीतने के बाद आयोजित होने की संभावना है। मंत्रिमंडल में नये चेहरों को शामिल किये जाने की भी संभावना है।

***************

राज्य में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बहन—बेटी मईं—कुईं स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गयी है। कैबिनेट के फैसले के बाद महिला, बाल विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसका लाभ 21 से 50 वर्ष की उम्र वाली गरीब महिलाओं को दिया जायेगा। आर्थिक लाभ प्राप्त करने लिए आवेदिका का राशन कार्ड, आधार कार्ड के साथ बैंक खाता या पोस्ट ऑफिस का खाता होना और उसे आधार लिंक होना अनिवार्य किया है। आवेदन के लिए जल्द ही बाल विकास विभाग एक पोर्टल जारी करेगा।

***************

ओडिशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर विद्युत रंजन सारंगी ने झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में आज शपथ ली। सुबह पौने दस बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में उन्हें शपथ दिलायी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 27 दिसंबर 2023 को डॉक्टर सारंगी को झारखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाने की अनुशंसा की थी।

***************

नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत आज सिमडेगा में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम इस वर्ष 30 सितंबर तक जारी रहेगा और इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग, के निर्धारित छह इंडिकेटर्स स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और सामाजिक उन्नति में लोगों को जागरुक करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना है। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने अभियान के तहत छह इंडिकेटर पर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सबों

को शपथ दिलाई। वहीं, सरायकेला–खरसावां जिले के सरायकेला प्रखंड के समग्र विकास के लिए संपूर्णता अभियान की शुरूआत उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने की।

वहीं, लोहरदगा के किस्को प्रखंड में संपूर्णता अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरकार के वरीय विशेषज्ञ डॉक्टर बनुश्री वेल पांडियन शामिल हुईं। उन्होने कहा कि जनता के सहयोग से ही आकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है।

***************

सिमडेगा जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सड़क सुरक्षा समिति कई तरह के प्रयास कर रही है।

***************

कोडरमा में हुए एक भव्य समारोह में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने एलान किया कि झारखंड की अभ्रक खदानें अब 'बाल श्रम मुक्त' हो चुकी हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ही राज्य की अभ्रक खदानों को बाल मजदूरी से मुक्त कराने की 20 साल की समर्पित यात्रा अब अपने मुकाम पर पहुंच गई है। बाल मजदूरों को अभ्रक खदानों से न सिर्फ मुक्ति दिलाई गई है बल्कि इन सभी का स्कूलों में दाखिला भी कराया गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि अभ्रक क्षेत्र को बाल श्रम से निरंतर मुक्त रखने की अहम जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में विधायक डॉ नीरा यादव, गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित बचपन बचाओ आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ता मौजूद थे। विधायक नीरा यादव ने कहा कि 20 सालो में जो बदलाव आया है उसे बनाये रखना ज्यादा अहम है।

***************

राँची पुलिस ने आज आभूषण व्यवसायी राजेश पॉल की हत्या के मुख्य आरोपी का पोस्टर जारी किया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि लगातार प्रयास के बावजूद अब तक राजेश पॉल के हत्यारे की पहचान नहीं हो पाई है। उन्होने बताया कि राजेश पॉल की हत्या में शामिल अपराधी के बारे में सूचना देने वाले व्यक्ति को 50 हजार का इनाम दिया जाएगा और उसकी पूरी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

***************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से आज विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने राज भवन में मुलाकात की और विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा। राज्यपाल को दिए गए ज्ञापन में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय और धनबाद के परजन्य बी.एड कॉलेज से संबंधित विषयों को रखा गया है। साथ ही राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गोमिया में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी का अध्ययन केंद्र स्थापित करने और गोमिया, कसमार और पेटरवार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों को उत्क्रमित करने के लिए पहल करने का आग्रह किया गया है।

***************

पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने बैद्यनाथ धाम, देवघर, जसीडीह और बासुकीनाथ स्टेशनों में श्रावणी मेले के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए आश्रय की व्यवस्था की है। तीर्थयात्रियों की संख्या को बेहतर ढंग से समायोजित करने के लिए आश्रय क्षेत्र को पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ा दिया गया है। कांवड़ियों के प्रबंधन के लिए इन स्टेशनों पर अस्थायी पंडाल बनाकर अतिरिक्त आश्रय स्थापित किए गए हैं।

***************

राष्ट्रीय जनता दल, का आज 28 वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव और महासचिव कैलाश यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

***************

राज्य मौसम केंद्र के अनुसार, कल राजधानी रांची, देवघर, धनबाद, और कोडरमा समेत राज्य के 12 जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम केन्द्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी में चक्रवात के कारण निम्नदाब बना हुआ है, इसका असर राज्य में देखने को मिलेगा। राज्य के उत्तर–पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों में कहीं–कहीं भारी बारिश का अनुमान है।